कुल छपे प्रश्नों की संख्या 15
कुल छपे पृष्ठों की संख्या 4

RB-45- (XII) हिन्दी अनिवार्य –15000

नामांक

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा सत्र - 2015-16

## विषय : हिन्दी अनिवार्य

## कक्षा - XII ( बारहवीं )

**समय : 3¼ घण्टे** **पूर्णांक : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।**

### खण्ड—क

1. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2×4=8

छोड़ों मत अपनी आन, सीस कट जाये, मत झुको अनय पर भले व्योम फट जाये।
दो बार नहीं यमराज कण्ठ धरता है, मरता है जो, एक ही बार मरता है।
तुम स्वयं भरण के मुख पर चरण धरो रे। जीना हो तो मारने से नहीं डरो रे॥
उपशम को ही जो जाति धर्म कहती है, शम, दम, विराग को श्रेष्ठ कर्म कहती है।
धृति को प्रहार, शान्ति को वर्म कहती है, अक्रोध, विनय को विजय मर्म कहती है।
अपमान कौन वह जिस को नहीं सहेगी? सब को असीस, सब का बन दास रहेगी॥

(अ) 'छोड़ो मत अपनी आन'—इस पंक्ति से कवि ने क्या सन्देश दिया है? 2
(ब) संसार में कौनसे लोग अपमान सहते हैं? 2
(स) 'स्वयं मरण के मुख पर चरण धरो' पंक्ति का क्या आशय है? 2
(द) ''अक्रोध, विनय को विजय मर्म कहती है''—इस पंक्ति से कवि ने क्या व्यंजित किया है? 2

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 2×4=8

आज देश स्वतन्त्र है। हमें अपनी शक्ति की वृद्धि करनी है, जिससे हमारी स्वतन्त्रता की रक्षा हो सके। आये दिन ऐसे संकट हमें चुनौती देते रहते हैं, जिनसे निपटने के लिए एक शक्तिशाली सेना की आवश्यकता है। यदि विद्यालयों में ही देश-सेवा की यह भावना दृढ़ हो जाये तो भविष्य के लिए बड़ी तैयारी हो सकेगी। प्राचीन काल में आश्रमों में वेद-शास्त्रों के साथ-साथ अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा दी जाती थी। सैनिक शिक्षा से शारीरिक-शक्ति के साथ मानवीय गुणों का भी विकास होता है। सेवा, तत्परता, परिश्रमशीलता एवं निर्भयता आदि गुण इस दशा में अपने आप आ जाते हैं।

(अ) हमें अपनी शक्ति की वृद्धि क्यों करनी चाहिए?
(ब) ''आज देश स्वतन्त्र है''—यह किस प्रकार का वाक्य है?
(स) 'शारीरिक' शब्द में मूल शब्द का प्रत्यय बताइये?
(द) गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

3. निम्न वाक्यों में से किसी एक पर लगभग 450 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए— 6

(अ) प्लास्टिक थैली : पर्यावरण की दुश्मन
(ब) राजस्थान के पर्व एवं उत्सव
(स) कम्प्यूटर शिक्षा—आधुनिक समय की आवश्यकता
(द) राष्ट्र निर्माण में युवा पीढ़ी का योगदान

कृ.पृ.उ.

4. अपने विद्यालय में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अथवा 'शिक्षक दिवस' जो आपके विद्यालय में आयोजित किया गया विषय पर समाचार पत्र में प्रेषित करने हेतु एक प्रतिवेदन लिखिए। (उत्तर सीमा 100 शब्द) 3

5. विविध माध्यमों के लिए लेखन-स्वरूप, प्रकार और प्रक्रिया से सम्बन्धित निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई एक प्रश्न को हल कीजिए— 3

(अ) जनसंचार के प्रमुख माध्यम कौनसे हैं ? संक्षेप में लिखिए।

(ब) समाचार लेखन में छह ककारों का उपयोग बताइए।

(स) एक अच्छे साक्षात्कारकर्ता में कौन-कौनसे गुण होने चाहिए ?

6. निम्नांकित वाक्यों में से किसी एक पर आलेख लिखिए— 3

(अ) नशे में लत से जकड़ता युवा-वर्ग (ब) स्त्री-शिक्षा की महत्ता

(स) बालश्रम एवं उपेक्षित बचपन

7. निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर फीचर लिखिए— 3

(अ) मोबाइल केन्द्रित जीवन (ब) शहर में बढ़ता प्रदूषण

(स) राष्ट्र विकास में काले धन का उपयोग

8. निम्नांकित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 8

(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा 20 से 40 शब्द है)

कविता की उड़ान है चिड़िया के बहाने, कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने,
बाहर भीतर, इस घर, उस घर, कविता के पंख लगा उड़ने के माने, चिड़िया क्या जाने ?

(अ) ''कविता एक उड़ान है'' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ब) ''कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने''—इसके माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है।

(स) कविता के पंख लगाकर कौन उड़ता है ?

(द) कविता और चिड़िया की उड़ान में क्या अन्तर बताया गया है ?

**अथवा**

धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूतु कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।
काहू की बेटी सों बेटा न ब्याहब, काहू की जाति बिगारन सोऊ
तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रुचै सौ कहै कछु ओऊ।
मांगि कै खैबो मसीत को सोइबो, लैबौ को एकु न देबको दोऊ।

(अ) तुलसी अपने जीवन का किस प्रकार निर्वाह करते थे ?

(ब) तुलसी अपने मुख्य काम क्या मानते थे ?

(स) इससे तुसीदास की किंस विशेषता का पता चलता है ?

(द) इस पद्यांश का मूल भाव लिखिए।

9. निम्नांकित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1½+1½=3

गरबीली गरीबी यह, ये गम्भीर अनुभव सब, यह विचार-वैभव सब
दृढ़ता यह, भीतर की सरिता यह अभिनव सब, मौलिक है, मौलिक है
इसलिए कि पल-पल में जो कुछ भी जाग्रत है-अपलक है-संवेदन तुम्हारा है।

(अ) उपर्युक्त पंक्तियों में कवि द्वारा वर्णित भावों को समझाइये।

(ब) उपर्युक्त काव्यांश के शिल्प-सौन्दर्य को लिखिए।

**अथवा**

छोटा मेरा खेत चौकोना, कागज का एक पन्ना,
कोई अंधड़ कहीं से आया, क्षण का बीज वहाँ बोया गया।
कल्पना के रसायनों को पी, बीज गल गया निःशेष,
शब्द के अंकुर फूटे, पल्लव-पुष्पों से नामित हुआ विशेष।

(अ) प्रस्तुत कविता के भाव सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए। (ब)इसमें प्रयुक्त अलंकारों का उल्लेख कीजिए।

10. पठित कविताओं की विषय वस्तु से सम्बन्धित दिए गए तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए—$2\times1\frac{1}{2}=3$

(अ) ऐसा कब प्रतीत होता है कि पृथ्वी बालकों के पैरों के समीप स्वयं ही घूमती चली आती है? 'पतंग' कविता के आधार पर समझाइए।

(ब) "तुझे बुलाता कृषक अधीर, ऐ विप्लव के वीर" कवि निराला ने 'विपल्व का वीर' किसे कहा गया है? क्यों कहा गया है?

(स) बच्चे की चाँद को लेने की जिद को माता किस प्रकार अपनी ममता भरी समझ से पूर्ण करती है? फिराक गौरखपुरी की रूबाइयों के आधार पर समझाइए।

11. निम्नांकित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए— (प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 से 40 शब्द उत्तर सीमा है)— $2\times3=6$

भक्तिन और मेरे बीच में सेवक-स्वामी का समबन्ध है, यह कहना कठिन है, क्योंकि ऐसा कोई स्वामी नहीं हो सकता, जो इच्छा होने पर भी सेवक को अपनी सेवा से हटा न सके और ऐसा कोई सेवक भी नहीं सुना गया, जो स्वामी के चले जाने का आदेश पाकर अवज्ञा से हँस दे। भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है, जितना अपने घर में बारी-बारी से आने जाने वाले अँधेरे-उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना। वे जिस प्रकार अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए हमें सुख-दुख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतन्त्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए है।

(अ) भक्तिन और महादेवी वर्मा में सम्बन्ध क्या है?

(ब) स्वामी के चले जाने का आदेश पाकर भक्तिन क्या प्रतिक्रिया करती है?

(स) भक्तिन को नौकर कहना असंगत क्यों है?

**अथवा**

जब उसका सामान कस्टम पर जाँच के लिए बाहर जाने लगा तो उसे एक झिरझिरी सी आई और एकदम से उसने फैसला किया कि मुहब्बत का यह तोहफा चोरी से नहीं जाएगा; नमक कस्टम वालों को दिखाएगी वह। उसने जल्दी से पुडिया निकाली और हैंड बैग में रख ली, जिसमें उसका पैसों का पर्स और पासपोर्ट आदि थे। जब सामान कस्टम से होकर रेल की तरफ चला तो वह एक कस्टम अफसर की तरफ बढ़ी। ज्यादातर मेजें खाली हो चुकी थीं। एक दो पर इक्का-दुक्का सामान रखा था। वहीं एक साहब खड़े थे-लम्बा कद, दुबला-पतला जिस्म खिचड़ी बाल, आँखों पर ऐनक। वे कस्टम अफसर की वर्दी पहने तो थे मगर उस पर वह कुछ जंच नहीं रही थी। सफिया कुछ हिचकिचा कर बोली, "मैं आप से कुछ पूछना चाहती हूँ।"

(अ) कस्टम पर जाँच शुरू होते ही सफिया क्यों घबरा गई ?

(ब) सफिया ने उसी क्षण क्या फैसला किया ?

(स) सफिया एक कस्टम अफसर के पास क्यों गई ?

12. पठित गद्य पाठों की विषय वस्तु पर आधारित निम्नांकित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए—3×2=6
(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा 40 से 60 शब्द है)

(अ) ''वे लोग बाजार का बाजारूपन बढ़ाते हैं।''—'बाजार-दर्शन' अध्ययन के आधार पर बताइये कि 'वे लोग' किसके लिए कहा गया है और वे बाजारूपन कैसे बढ़ाते हैं ?

(ब) जीजी के त्याग व दान के विषय में क्या विचार थे ? 'काले मेघा पानी दो' अध्ययन के आधार पर बताइये।

(स) ''गुरूजी कहा करते थे कि जब मैं मर जाऊँ, तो मुझे चिता पर चित नहीं, पेट के बल सुलाना''—ये शब्द लुट्टन पहलवान के जीवन के कौनसे पक्ष को उद्घाटित करते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(द) 'शिरीष के फूल' से हमें क्या शिक्षा मिलती है ? 'शिरीष के फूल' नामक अध्याय के आधार पर समझाइये।

## खण्ड—घ

13. पाठों की विषय वस्तु पर आधारित निम्नांकित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए— 2×2=4
(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा 40 से 60 शब्द है)

(अ) ''हमारा तो सैप ही ऐसा ठहरा—हमें तो यही परम्परा विरासत में मिली है।''—यशोधर जी द्वारा कथित इस नारे से उनकी पत्नी क्यों चिढ़ती थी ?

(ब) 'जूझ' कहानी के लेखक आनन्द यादव को यह किस प्रकार विश्वास हुआ कि वे भी कविता कर सकते हैं ?

(स) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर मुअनजोदड़ो के महाकुण्ड का वर्णन कीजिए।

14. निम्नलिखित में से किन्हीं दो का उत्तर दीजिए— 2×1½=3

(अ) आनन्दा को खेती के कौन-कौनसे कार्य करने पर ही अध्ययन की अनुमति पिता द्वारा दी गई ?

(ब) ''सिन्धु घाटी सभ्यता खेतिहर और पशुपालन सभ्यता थी।'''' अतीत के दबे पाँव'' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(स) द्वितीय विश्व-युद्ध के दौरान आम-जीवन में किस तरह की अराजकता थी।''डायरी के पन्ने'' पाठ के आधार पर समझाइये।

15. विषय-वस्तु पर आधारित दिए गए दो प्रश्नों में से किसी एक निबन्धात्मक प्रश्न का उत्तर दीजिए— 1×3=3

(अ) ''किशन-दा कहा करते थे कि आना जब कुछ चाहिए, सीखना हर एक की बात ठहारी, लेकिन अपनी छोड़नी नहीं हुई।'' किशन दा के इस विचार को यशोधर बाबू ने अपने जीवन में किस प्रकार अपनाया ? स्पष्ट कीजिए।

(ब) एन की डायरी से उसकी किशोरावस्था के बारे में क्या पता चलता है ? 'डायरी के पन्ने' के आधार पर लिखिए।

❑ ❑ ❑